National Education Society's High School, Bhandup

I & II Unit Test

Date : 07.08.2018 **Sub : Hindi (Composite)** **Marks : 10**

Std. : X

Roll No.:____ Div._6_

प्र.१ पठित परिच्छेद पर आधारित कृतियाँ पूर्ण कीजिए ।

कई वर्षों की बात है । एक पुराना गाँव था । एक आदमी न जाने कहाँ से भटकता हुआ दूर-दराज के उस गांव में आ पहुँचा था । गांव के कुत्तों ने जब चीथडों में लिपटे उस अजीब आदमी को देखा तो उन्हें वह कोई पागल लगा । वे उसपर बेतहाशा भौंकने लगे । गाँव के बच्चे खेल रहे थे । कुत्तों की देखा-देखी गाँव के बच्चे भी पूरी दोपहर उसे छेड़ते और तंग करते रहे । आश्चर्य की बात यह थी कि वह आदमी उन बच्चों को कुछ बोल नहीं रहा था । संयोग से किसी भले आदमी ने गांव के बच्चों को उसपर पत्थर फेंकते हुए देख लिया ।

१. (०१)



२. एक-एक शब्दों में उत्तर लिखिए । (०१)

१) गॉव में भटकता हुआ कौन आ पहुँचा था ?

२) अजीब आदमी किसमें लिपटा था ?

३. स्वमत अभिव्यक्ति (०१)

यदि आपको कोई भटका हुआ बच्चा मिल जाए, तो आप उसकी मदद कैसे करेंगे, स्पष्ट किजिए ।

प्र.२ पठित पद्यांश पर आधारित कृतियाँ पूर्ण कीजिए ।

सोंधी-सोंधी -सी सुगंध, माटी से बोली,
बादल बरस गया, धरती ने ऑखें खोली ।
चारों ओर हुई हरियाली कहे मयूरा,
सदियों का जो सपना है हो जाए पूरा ।
एक यहाँ पर नहीं अकेला, होगी टोली
सोंधी-सोंधी -सी सुगंध, माटी से बोली ।।

Scanned by CamScanner

१. सुगंध बोली (०१)

- यह बरस गया
  - ______
- इसने आँखें खोली
  - ______

२. पदयांश में आए चार प्राकृतिक घटक (०२)

- ______
- ______
- ______
- ______

प्र.३ व्याकरण कृतियाँ

१. निम्नलिखित वाक्यों में अधोरेखांकित शब्दों के शब्दभेद पहचानकर लिखिए। (०२)

१) श्रीराम राजा थे।

२) नरेंद्र एक भला लड़का है।

२. निम्नलिखित क्रियाओं के प्रथम प्रेरणार्थक और दवितीय प्रेरणार्थक रूप लिखिए। (०२)

१) रोना ः ______ ______

२) उड़ना ः ______ ______

......

Scanned by CamScanner